तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई 2025

12 हरियाली तीज पर बरेली के मांजे से उड़ान भरेंगी जयपुर की पतंगे...



12 चालीस वार्डों में निर्विरोध चुने गए सैनी सभा के कॉलेजियम सदस्य...



## खबर संक्षेप

### दुकानदार का बैग लेकर फरार हुआ युवक

**रेवाड़ी।** आजाद चौक पर एक मोबाइल शॉप चलाने वाले दुकानदार का बैग एक युवक लेकर फरार हो गया। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में पवन कुमार ने बताया कि वह दुकान पर बैग लेकर आया था। बैग एक ओर रखने के बाद वह दुकान का शटर खोल रहा था। इसी दौरान एक युवक उसका बैग लेकर फरार हो गया। बैग में कुछ नकदी, लैपटॉप, रिपेयर किए हुए मोबाइल फोन व जरूरी कागजात थे। उसने युवक का पीछा करने का प्रयास किया, परंतु वह फरार होने में कामयाब हो गया। सिटी पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### बैंक खाते से दो बार में उड़ा दिए एक लाख

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1 लाख रुपये उड़ा दिए गए। पुलिस शिकायत में तेजबीर ने बताया कि उसके बैंक खाते से गत 19 मई को 50-50 हजार रुपये की दो ट्रांजेक्शन के जरिए एक लाख रुपये उड़ा दिए गए। उसने अपने स्तर पर बैंक जाकर पूछताछ की गई, तो उसे पता चला कि यह राशि एक फर्म के खाते में ट्रांसफर की गई है, जिसका स्वामित्व राजस्थान के मनोता कलां निवासी रितिक के नाम है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 21 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने सुलखा निवासी सतेंद्र राणा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पेट्रोल पंप की कोठरी से हजारों का सामान चोरी

**बावल।** ओढ़ी के पास एक बंद पेट्रोल पंप की कोठरी का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में ओढ़ी निवासी गजेंद्र कुमार ने बताया कि उसने गांव के पास ही पेट्रोल पंप बनाया हुआ है, जो अभी तक चालू नहीं किया गया है। पंप के पीछे एक कोठरी बनी हुई है। जब वह सुबह के समय वहां पहुंचा तो कोठरी का ताला टूटा हुआ था। चोर कोठरी से छत का पंखा, बिजली की केबल, लोहे की प्लेट के ढक्कन व एक सबमर्सीबल मोटर चोरी कर ले गए। यह घटना 13 जून की रात को हुई थी।



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर सती कॉलोनी के पास जमा पानी में से गुजरते लोग।



रेवाड़ी। बरसात के पानी से जलमग्न बावल रोड।



रेवाड़ी। सरकुलरोड पर नई बस्ती में जमा पानी में से गुजरता बुजुर्ग।

### नालों की सफाई पूरी न होने से मंगलवार को सुबह आई तेज बरसात से बढ़ी परेशानी

# बरसात से सड़कों के गड्ढे बने आफत, रहा जलभराव

#### नगर परिषद कार्यालय सहित नागरिक अस्पताल व मुख्य मार्ग हुए जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार सुबह करीब एक घंटे की तेज बरसात ने शहरवासियों को एक बार फिर से आफत में डल दिया। नागरिक अस्पताल, बस स्टैंड, सरकुलर रोड, बावल रोड व नाईवाली सब्जीमंडी सहित मॉडल टाउन व हाउसिंग बोर्ड मार्ग पर भारी मात्रा में पानी जमा हो गया।

यहां तक कि नगर परिषद का महाराणा प्रताप चौक स्थित सफाई शाखा कार्यालय परिसर में तालाब बन गया। सुबह के समय नाईवाली चौक से अग्रसेन चौक के बीच करीब तीन फीट पानी जमा हो गया, जिससे राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी उठानी पड़ी।नगर परिषद की ओर से शहर के नालों की सफाई का कार्य पूरा न करने के कारण एक बार फिर से शहर में जलभराव हो गया।

शहर के कई स्थानों पर शाम तक भी पानी की निकासी नहीं हो पाई। प्रशासन की ओर से प्रति वर्ष शुरू होने के बाद नालों की सफाई शुरू की जाती है, जिसके बाद शहर की पूरी व्यवस्था बिगड़ जाती है और इस अव्यवस्था का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ता है। मंगलवार को टूटी सड़कों के गड्ढों में बरसात का पानी जमा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।







रेवाड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में जमा बरसात का पानी, मॉडल टाउन में जमा पानी में से गुजरते वाहन, नई आबादी मोहल्ले में जमा बरसात का पानी।

#### एक महीने से खोदकर डाली सड़क

बावल रोड से मॉडल टाउन की गुरु चौक जाने वाली सड़क के नव निर्माण के लिए खोदे हुए एक महीने का समय बीत चुका है, लेकिन नगर परिषद की ओर से अभी तक सड़क का बनाना नहीं शुरू किया है। सड़क पर निर्माण मेटेरियल भी डाला जा चुका है। अब बरसात के शुरू होने से कार्य भी अटक गया है और सामग्री पानी में बह रही है। अब तोड़ी गई सड़क पर बरसात का पानी जमा होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

#### प्रशासन नहीं ले रहा सड़कों की सुध

शहर कह कई सड़कों की लंबे समय से दयनीय हालत बनी हुई है। सरकुलर रोड सहित अनेक मार्गो पर भारी-भरकम गड्ढे होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात आने पर जलभराव होने से गड्ढे न दिखने से लोगों को हर समय हादसा होने का डर बना रहता है। शहर के सरकुलर रोड, मॉडल टाउन, बावल रोड, ब्रास मार्केट व मुख्य बाजार में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है। सड़कों पर जगह-जगह भारी-भरकम गड्ढे वाहन चालकों व राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। भाड़ावास गेट से मोती चौक, गोकल बाजार, रेलवे रोड व काठमंडी की सड़कें पूरी तरह जर्जर हालत में आ चुकी है।



रेवाड़ी। नई बस्ती मोहल्ला की एक गली में जमा बरसात का पानी

#### कई स्थानों पर शाम तक जमा रहा पानी

मंगलवार को सुबह आसमान में घने बादल घहराने के बाद एक घंटे तक झमाझम बरसात हुई, जिसके बाद शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया। बरसात रुकने के बाद मेन बाजार व कई मार्गो पर तो पानी निकासी हो गई, लेकिन काफी सड़कों व स्थानों पर शाम तक पानी जमा रहा। ब्रास मार्केट, नई अनाजमंडी, बावल रोड, मॉडल टाउन, बस स्टैंड, राव तुलाराम पार्क व सरकुलर रोड के कई हिस्सों सहित निचले मोहल्लों में बरसात का पानी जमा रहा। नाईवाली सब्जीमंडी व हाउसिंग बोर्ड मार्ग पर बरसात से तालाब बन गया।



रेवाड़ी। नगर परिषद सफाई शाखा में बरसात से बना तालाब।

## नागरिक अस्पताल में सफाई व जलभराव के लिए कदम उठाएं अधिकारी: राणा



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में महिलाओं से मिलती सुमन राणा।

- बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राणा ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के महिला वार्ड व शिशु वार्ड का निरीक्षण किया और वहां पर भर्ती मरीजों से बातचीत करके उपचार, चिकित्सा सुविधाओं व सेवाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सुमन राणा ने अस्पताल प्रबंधन को सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सीवर ओवरफ्लो होने के कारण अस्पताल परिसर में गंदा पानी भर जाता है, जोकि ठीक नहीं है। विशेषकर शिशु वार्ड में जलभराव की समस्या गंभीर होने से बच्चों की सेहत बिगड़ सकती है। सुमन राणा ने कहा कि चिकित्सा संस्थान में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे कि मरीजों को संक्रमण से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी अस्पताल में दूषित पानी की निकासी को दुरूस्त करने के लिए कड़े कदम उठाए।

## चोरी व पुलिस पर हमले के मामले में 21 साल से फरार आरोपी किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने कंपनी में चोरी के प्रयास व पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में संलिप्त 21 साल से फरार चल रहे अदालत से उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला पलवल के गांव दुरेची निवासी खुर्शीद के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। 8 मई 2004 की रात को धारूहेड़ा की सहगल फैक्ट्री के गार्ड राजस्थान के जिला झुन्झनु के गांव गादली निवासी मुंशी सिंह ने पुलिस को सुचना दी थी कि उनकी फैक्ट्री में एक टाटा-407 गाडी खड़ी हुई है कुछ लोग फैक्ट्री में चोरी कर रहे है। सूचना पर पुलिस टीम जब फैक्ट्री में पहुंची तो टाटा गाड़ी के पास एक व्यक्ति खडा हुआ था, जिसे पुलिस टीम ने काबू किया तो उसने शोर मचा दिया। उसके शोर मचाने पर 10-15 व्यक्ति लाठी व लोहे की रॉड लेकर आ गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिया तथा जिप्सी पर भी तोड़फोड़ करके वायरलैस सैट को खराब कर दिया। तभी फैक्ट्री का दूसरा चौकीदार रघुनाथ सिंह निवासी पदमपुरा जिला सहारन बिहार भी आ गया। उन्होंने चौकीदारों के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद सभी आरोपी टाटा गाड़ी व फैक्ट्री से निकाला हुआ माल मौके पर छोड़कर फरार हो गए, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना धारूहेड़ा में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त चार आरोपी शहजाद उर्फ खुशी, कासम, मुबारिक व जाकिर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मामले में आरोपी खुर्शीद फरार चल रहा था तथा अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। सीआईए धारूहेड़ा ने सोमवार को मामले संलिप्त आरोपी खुर्शीद को भी गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी खुर्शीद।



## सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर 15वें दिन जारी रहा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़-भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी की ओर से 200 बेड के नागरिक अस्पताल बनाने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 15वें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को धरने पर रामगढ़ भगवानपुर सहित क्षेत्र के गांव मीरपुर, बुड़ानी, बुड़ाना, फिदेड़ी, बालियर खुर्द व फदनी गांवों से काफी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद थे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक चिंरजीवी राव तथा संदीप यादव ने धरना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की जायज मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सरकार व सांसद राव इंद्रजीत सिंह को वादा खिलाफी नहीं करनी चाहिए। पूर्व विधायक ने समिति के दिवंगत अध्यक्ष राममेहर को भी श्रृद्धांजलि अर्पित की। वे दिवंगत के परिजनों से भी मिले और उन्हें सांत्वना दी। धरना स्थल पर ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि जब तक उनकी 200 बेड के नागरिक अस्पताल बनाने की मांग पूरी नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## डेंगू से बचाव के लिए घर और ऑफिस में सप्ताह का एक दिन मनाएं ड्राई-डे

- किसी पुराने टायर, पुरानी टंकी, गमले व कबाड़ में पानी खड़ा हुआ है तो उसे तुरंत खाली कर दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जुलाई माह में डेंगू और मलेरिया के प्रति जागरूकता का विशेष अभियान शुरू किया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस माह के दौरान लोगों को जागरूक किया जाएगा कि घर या अपने कार्यालय, दुकान या फैक्ट्री में जलभराव नहीं होने दे। किसी पुराने टायर, पुरानी टंकी, गमले व कबाड़ में पानी खड़ा हुआ है तो उसे तुरंत खाली कर दें। पानी की टंकी तथा घरों के अंदर साफ पानी जमा करने के बर्तनों को ढक कर रखें। डीसी ने कहा कि इस मौसम में तेज बुखार हो जाए तो तत्काल अस्पताल जाकर अपना इलाज कराएं। किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। डीसी मीणा ने आमजन से प्रत्येक रविवार को अपने घर में ड्राई-डे के तौर पर मनाने का आह्वान किया है। इस दौरान पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज की ट्रे व गमले को खाली करके सुखा लें। इसी प्रकार सरकारी कार्यालयों में अधिकारी सप्ताह का एक दिन चयन कर सफाई कराएं। डीसी ने बताया कि डेंगू के प्रति जागरूकता अभियान के दौरान ग्राम पंचायत व नगरपरिषद की ओर से हाई रिस्क एरिया में फोगिंग भी कराई जाएगी। राजकीय विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी, चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता महिलाओं को डेंगू और मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए उनको बचाव के उपाय बताएंगी।

### सड़क हादसे के बाद घायल पहुंचा अस्पताल

**रेवाड़ी।** जाडरा से अपने गांव बाइक पर जा रहा एक प्राइवेट बस का कंडक्टर संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद वापस आने तक चोर उसकी बाइक पर हाथ साफ कर गए। डहीना पुलिस चौकी ने केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। डहीना निवासी राहुल ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह जाडरा के एक प्राइवेट स्कूल की बस पर कंडक्टर लगा हुआ है। वह घर से बाइक लेकर स्कूल बस की सफाई करने के लिए जाड़रा गया था। जाडरा से वापस घर जाते समय रास्ते में उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे उठाकर सीहा अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जब वह वापस हादसे वाली जगह पर पहुंचा, तो उसे बाइक नहीं मिली।

### अधिकांश प्राइवेट स्कूल 2 जुलाई से खोले जाएंगे

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल, पहले दिन बरसात आने पर काफी कम पहुंचे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एक माह के ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद मंगलवार को जिले के सरकारी व काफी प्राइवेट स्कूल खुल गए। गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद एक तरफ जहां स्कूलों में रौनक लौट आई है, वहीं बच्चों में उत्साह भी देखने को मिला, हालांकि पहले दिन स्कूलों काफी कम संख्या में विद्यार्थी पहुंचे तथा काफी प्राइवेट स्कूल 2 जुलाई से खोले जाएंगे। मंगलवार को सुबह तेज बरसात के कारण भी विद्यार्थी स्कूलों में नहीं पहुंच पाए तथा काफी विद्यार्थी अभी छुट्टियों में घूमने व अपनी रिश्तेदारी में जाने के कारण स्कूल नहीं पहुंच पाए। ग्रीष्मकालीन अवकाश के समाप्त होने से एक दिन पहले सभी सरकारी स्कूलों में सफाई, बिजली व पानी संबंधी व्यवस्था कर ली गई थी। बरसात के मौसम में टपकने वाले स्कूल भवनों की छतों पर भी मरम्मत का कार्य किया गया। डीईओ की ओर से सभी स्कूलों के मुखियाओं को पहले ही निर्देश दे दिए गए थे।



रेवाड़ी। राजकीय कन्या स्कूल में कक्षा में मौजूद छात्राएं।

#### बरसात के कारण नहीं पहुंचे विद्यार्थी

पीएम श्री राजकीय कन्या विद्यालय के प्राचार्य धर्मवीर यादव ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में पहले दिन बच्चों की संख्या कम रही। लंबी छुट्टी के बाद पहला दिन होने के बाद सभी बच्चे स्कूल नहीं आ पाते है, लेकिन दो-चार दिनों में इनकी संख्या पूरी हो जाएगी। बच्चों के लिए पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराकर पीने के पानी व्यवस्था कर दी गई है। इसके अलावा शौचालयों की साफ-सफाई भी हो गई है। पहले दिन अपने शिक्षकों व साथियों से मिलकर बच्चे खुश नजर आए। कक्षाओं में बच्चों ने एक दूसरों के अपने होमवर्क का मिलान भी किया। छुट्टी मनाकर आए बच्चों ने बताया कि उन्होंने अवकाश के दिनों में होमवर्क करने के साथ अपने परिवार के साथ काफी इंजाय किया और काफी स्थानों पर घूमने के लिए भी गए। डीईओ सुभाष चंद सांभरिया ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार को ज्यादातर स्कूल खुल गए है। सभी स्कूल मुखियाओं को स्कूलों में व्यवस्था करने के निर्देश दे दिए गए थे। किसी स्कूल में बिजली, पानी व अन्य समस्या है तो उसको दुरुस्त कर दिया जाएगा।



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

## लाइफ Style

# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं।



## हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्ज़ा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

## टीवी मसाला



# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा


**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील



मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।

# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण'की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल*



*सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*

# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन'फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा



अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

*__नई दिल्ली।__ हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

**खबर संक्षेप**

### बिलिंग से संबंधित सुनवाई चार को

**महेंद्रगढ़।** कुरहावटा रोड स्थित बिजली निगम का कार्यकारी अभियंता कार्यालय में चार जुलाई को उपभोक्ताओं की बिलिंग से संबंधित शिकायत सुनी जाएंगी। कायोलय में दक्षिणी हरयाणा बिजली वितरण निगम में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायत की सुनवाई चैयरमेन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा की जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यकारी अभियंता कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### मोहित चौधरी का जनसंपर्क अभियान कल

**सतनाली मंडी।** लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के पुत्र युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी तीन जुलाई को सतनाली खंड के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा नेता दीवान सिंह शेखावत ने बताया कि मोहित चौधरी तीन जुलाई को महेंद्रगढ़ विधानसभा के सतनाली ब्लॉक के गांव श्यामपुरा में सुबह नौ बजे, ढाणी कुम्हारान 9:30, जवाहरनगर पथरवा 10, नंगला 10:30, बास 11, ढाणा 11:30, सुरेहती मोडियाना 12, सुरेहती पिलानिया 12:30, सुरेहती जाखल एक, डालनवास 1:30, गादड़वास 2:30 व माधोगढ़ में तीन बजे जनसंपर्क अभियान चलाएंगे।

## डीसी ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

# आंगनबाड़ी केंद्रों में छह माह से तीन साल तक के 13 हजार बच्चों को मिल रहा पौष्टिक आहार

लघु सचिवालय सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में भ्रूण हत्या को रोकने के लिए आंगनबाड़ी वर्करों को हर एक गर्भवती महिला का रजिस्ट्रेशन करना चाहिए। कोई प्रसूता स्त्री बच्चे को जन्म देती है तो उसके रजिस्ट्रेशन की भी जांच करें। डीसी मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय दो बिंदुओं की ओर आंगनबाड़ी वर्करों को विशेष ध्यान देना होगा। अगर कार्यक्षेत्र में कोई भी महिला गर्भवती है तो उसका आंगनबाड़ी सेंटर में पंजीकरण अवश्य हो तथा आंगनबाड़ी में दो-चार ऐसे बच्चे आते हैं, जिनकी सेहत दूसरे बच्चों के मुकाबले कमजोर होती है, इन बच्चों के नाम व पूरा रिकॉर्ड अपने पास रखें, जिससे कि भविष्य में भी उनकी सेहत की जांच नियमित रूप से हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला तथा 6 साल से कम आयु के बच्चों का हेल्थ चेकअप होना चाहिए। डीसी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेंटर में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार नियमित रूप से मिलना चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि जिले में इस समय 1099 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें तीन से 6 साल तक की आयु के 8 हजार 446 बच्चे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 6 माह से तीन साल तक की आयु के 13 हजार बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, हरिहर स्कीम व किचन गार्डन योजनाओं की जानकारी दी।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय, जिला बाल कल्याण समिति व जुनाईल बोर्ड से संबंधित रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम प्रीति रावत व सीडीपीओ राधा यादव सहित आंगनबाड़ी सुपरवाइजर व बाल विकास अधिकारी मौजूद रहीं।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में एक गांव चुना जाएगा मॉडल सोलर विलेज

- रेवाड़ी जिले के 14 गांव प्रतियोगिता की श्रेणी में शामिल, इनाम के तौर पर मिलेगी एक करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रत्येक जिले में एक गांव को मॉडल सोलर विलेज पुरस्कार के लिए चुना जाएगा। सोलर एनर्जी के सदुपयोग में जो गांव प्रथम आएगा, उसे एक करोड़ की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। रेवाड़ी जिले में 14 गांवों को केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। एडीसी राहुल मोदी ने बताया कि वैकल्पिक ऊर्जा के तौर पर सूर्य के ताप को सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा माना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष फरवरी माह में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की थी, जिसके तहत योग्य पात्रों को अनुदान की राशि के साथ सोलर पॉवर सिस्टम दिया जाता है। उन्होंने बताया कि बिजली वितरण निगम की ओर से गांव-गांव में लोगों के घरों पर सोलर एनर्जी के संयंत्र लगाए जा रहे हैं। इस स्कीम का प्रयोग करते हुए एक परिवार अपने बिजली बिल को नाममात्र राशि या शून्य तक ला सकता है।


एडीसी राहुल मोदी।

एडीसी मोदी ने बताया कि इस साल 26 मई से 26 नवंबर तक की अवधि के बीच, जिस गांव में सबसे अधिक सोलर पैनल लगे होंगे, उसका चयन इस पुरस्कार के लिए किया जाएगा। एडीसी ने बताया कि सोलर एनर्जी के प्रयोग को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता की श्रेणी में जिला के 14 गांवों को चुना गया है, जिनमें गांव महेश्वरी, डहीना, आंकेड़ा, गोकलगढ़, नंदरामपुर बास, गुरावड़ा, घटाल महनियावास, रामपुरा, जैनाबाद, मनेठी, सीहा, भाकली, कोसली व नाहड़ शामिल है, जिसमें से एक गांव को मॉडल सोलर विलेज के रूप में चुना जाएगा। एडीसी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य देश के हर एक जिले में कम से कम एक गांव को सोलर एनर्जी की दृष्टि से एक आदर्श गांव के रूप में चुनना है, जिससे कि दूसरे गांवों को भी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को अपनाने के लिए प्रेरणा मिल सके। उन्होंने बताया कि सोलर एनर्जी सिस्टम को घर में बिजली के प्रयोग तथा खेतों में ट्यूबवेल चलाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। सरकार की ओर से एससी व बीसी चौपाल में सोलर पावर सिस्टम लगवाने के लिए पंचायत को 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है।

## आईएमए ने डॉक्टर्स-डे पर लगाया कैंप, दिव्यांग बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**रेवाड़ी।** डॉक्टर्स-डे के अवसर पर मंगलवार को आईएमए की ओर से सेक्टर-3 गणेशी लाल गोयल धर्मशाला स्थित नव प्रेरणा संस्थान में दिव्यांग बच्चों का निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में आईएमए जिला प्रधान व त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. दीपक शर्मा, डा. कीर्ति पांडे, डा. मनीष कुमार, हड्डीरोग विशेषज्ञ डा. अशोक सैनी, डा. आत्म प्रकाश, डा.अनुपमा मक्कड़, बालरोग विशेषज्ञ डा. प्रज्ञा अग्रवाल, डा. मनीष तनेजा, मनोरोग विशेषज्ञ डा. प्रीति बिसला, स्पीच थैरेपिस्ट नरेंद व मोहित सिंहा की टीम ने दिव्यांग बच्चों की जांच कर उचित परामर्श दिया। कैंप में 47 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई। संस्था के प्रधान हरीश मलिक व प्रिंसिपल गायत्री शर्मा ने डॉक्टर्स टीम का धन्यवाद किया व सभी को डॉक्टर्स-डे की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सुशीला देवी, शशि, ज्योति, अनीता कालरा, शशि मालिक, राजेश, सरोज, धर्मवीर, विमला व अभिलाषा सहित अनेक लोग मौजूद थे।


रेवाड़ी। कैंप में दिव्यांग बच्चों की जांच करते डॉक्टर।


रेवाड़ी। लुखी स्कूल में पौधारोपण करते हुए शिक्षक।

## गवर्नमेंट स्कूल में पौधरोपण अभियान की शुरूआत

**नाहड़।** शहीद धर्मसिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी की प्राचार्या उमा यादव ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के समापन पर मंगलवार को अपने जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यालय में पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने इग्जोरा प्रजाति का पौधा लगाया। उन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से बारिश के मौसम में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके पेड़ बनने तक देखभाल का प्रण लेने की अपील की। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा, राजपाल यादव, अमित सोलंकी, अंजूबाला, सुनील यादव, कैलाश चंद, आशा यादव, सन्नी कुमार, प्रेरणा यादव, डीपीई उमेद सिंह, सरोज यादव, मुकेश कोहारड़, लिपिक संजय शर्मा, सतीश यादव, एबीआरसी अंशु यादव, मनोज नठेड़ा, जितेन्द्र कुमार, मधु यादव, कुलदीप यादव एवं कुलदीप सिंह मौजूद थे।

# कोसली में मनाया एसबीआई का 70वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली के भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में मंगलवार को बैंक का 70वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर बैंक के शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार यादव ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक देश का सबसे बड़ा बैंक है। इसकी स्थापना 1955 में हुई थी। उन्होंने बताया कि इस समय पूरे देश में भारतीय स्टेट बैंक की 22900 शाखाएं हैं तथा देश में 52 करोड़ ग्राहक स्टेट बैंक की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बैंक के 77 हजार कस्टमर प्वाइंट हैं तथा 63 हजार एटीएम पूरे देश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि बैंक की ओर से 8 वर्ष पूर्व योनो एप की शुरूआत की गई थी, जिसमें अब तक 9 करोड़ ग्राहकों ने रजिस्ट्रेशन करा कर एप के माध्यम से लेन-देन करना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक बैंक ने 8 लाख करोड़ रुपए के होम लोन तथा 3.48 करोड़ रुपए के कृषि लोन भी ग्राहकों को उपलब्ध कराएं हैं। ग्राहक सेवा देने के मामले में स्टेट बैंक सभी बैंकों से आगे है। शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों से स्टेट बैंक के साथ विश्वास के साथ जुड़े रहने की अपील की।


रेवाड़ी। कोसली एसबीआई शाखा में बैंक का स्थापना दिवस मनाते बैंक कर्मी व ग्राहक। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर सहायक प्रबंधक कृष्णपाल, आरती झा, राहुल यादव, कुलवंत यादव, सतबीर यादव, मुकेश कुमार, गुड्डी रानी, दीपक कुमार, सुनीता देवी व कुलदीप सिंह सहित अनेक कर्मचारी व ग्राहक मौजूद थे।


रेवाड़ी। डीएवी स्कूल में हवन करते हुए शिक्षक व विद्यार्थी।

## डीएवी स्कूल में वैदिक हवन का आयोजन

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वैदिक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य जॉय बैनर्जी के मार्गदर्शन में स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। वैदिक हवन के माध्यम से विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता और संस्कृति के महत्व को समझाया और प्राचीन परंपराओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने न केवल संस्कृति के महत्व को समझा, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों के विकास के लिए भी प्रेरित हुए।

# बेटी के जन्म पर कुआं पूजन

**रेवाड़ी।** गांव खिजूरी में गीता देवी व स्व. पूरण मिस्त्री के घर पौत्री के जन्म पर कुआं पूजन समारोह करके खुशियां मनाई गई। प्रशासन की ओर से इन दिनों बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना के तहत गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर लिंगानुपात बढ़ाने का संदेश दिया जा रहा है। वर्तमान में समाज में बेटियों के प्रति लोगों की सोच भी बदलती जा रही है। कन्या के पिता नरबीर व मां सपना ने कहा कि आज के समय में बेटियां, बेटों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। समाज को भी बेटियों को बेटों की तरह पूरा मान-सम्मान देना चाहिए। समारोह में रविन्द्र कुमार, दर्शन कुमार, अतुल व अमन सहित परिवार के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।


रेवाड़ी। कन्या जन्म पर कुआं पूजन करने जाती महिलाएं।

# गांव मस्तापुर में योग शिविर का हवन के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले के गांव मस्तापुर स्थित पीपली वाला मंदिर में मंगलवार को योग शिविर का हवन यज्ञ के साथ समापन किया गया। समारोह में हरियाणा योग आयोग के उपाध्यक्ष डा. युद्धवीर आर्य तथा प्राचार्य नीलम योगाचार्य ने मंत्रोच्चारण कर अभ्यास सत्र का शुभारंभ किया तथा ग्रामीणों को विभिन्न योग क्रियाओं, आसनों व सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराकर योग प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। पतंजलि योग समिति जिला महिला प्रभारी सरोज आर्य तथा जयप्रकाश आर्य ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न कराया। पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह व पत्नी बीरमती ने यज्ञमान की भूमिका निभाई। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने यज्ञ, योग और आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से नियमित योग प्राणायाम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समिति के जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, राजेंद्र सिंह मैनेजर, धनराज आर्य, ओमप्रकाश आर्य, महिपाल, सूबेदार ओमप्रकाश, देशराज, राकेश, शर्मिला, निर्मला, मूर्ति, किरण, पवित्रा, मुन्नी च बिमला सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।


रेवाड़ी। योग शिविर के अंतिम दिन योगाभ्यास करते बच्चे व ग्रामीण।

# डॉक्टर्स-डे सभी चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिनः डीसी

- जब कोई व्यक्ति बीमार या पीड़ा से ग्रस्त होता है तो सबसे पहले उसके मुंह से भगवान का नाम निकलता है : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने 35वें राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जिले के चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, सेवाभाव और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह दिन उन सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है, जो त्याग व समर्पण भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं।

डीसी ने कहा कि जब कोई व्यक्ति बीमार या पीड़ा से ग्रस्त होता है तो सबसे पहले उसके मुंह से भगवान का नाम निकलता है। मुश्किल समय में मरीज को एक अच्छा डॉक्टर मिल जाए और उसका कष्ट दूर हो जाए तो यह सबसे बड़ा परोपकार है। कोरोना के समय चिकित्सकों ने आगे आकर अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों का इलाज किया। डीसी ने बताया कि भारत में हर साल 1 जुलाई का दिन राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार 35वां राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मरीज की सही देखभाल थीम के साथ मनाया जा रहा है। देश में डॉक्टर्स-डे मनाने की शुरूआत 1 जुलाई 1991 से की गई थी। यह दिन प्रसिद्ध चिकित्सक शिक्षाविद और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डा. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया जाता है।


डीसी अभिषेक मीणा।

# एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत गांव में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मानसून आने पर जिले में पौधारोपण अभियान भी शुरू हो चुका है। गांव पीथड़ावास में मंगलवार को पर्यावरण प्रेमी सोमबीर यादव ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण व जन कल्याण के लिए अनिवार्य रूप से पौधे लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का सौंदर्य है। समाजसेवी अमृत कुमार तथा भूपेंद्र यादव ने भी लोगों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर बरसात के मौसम में सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने की अपील की।


रेवाड़ी। गांव पीथड़ावास में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण प्रेमी।

## रोजाना सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का होगा रुद्राभिषेक

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में शिव महापुराण कथा 25 से

- शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से धन-धान्य, आरोग्य, पुत्र प्राप्ति और मानसिक तथा शारीरिक कष्ट मिट जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हिंदू शास्त्र के अनुसार सावन महीना भगवान शिवशंकर का महीना माना जाता है। इस माह में पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा करने का विशेष महत्व बताया गया है। शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से धन-धान्य, आरोग्य, पुत्र प्राप्ति और मानसिक तथा शारीरिक कष्ट मिट जाते है। पार्थिव शिवलिंग पूजन से सभी दुखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू होने वाला है। बीएमजी सिटी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में आगामी 25 जुलाई से महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 2 अगस्त तक चलेगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया जाएगा। कथा के समापन के दिन हवन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

कथा का वाचन प्रख्यात विद्वान आचार्य लखन महाराज चित्रकूट वाले करेंगे। शिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर 25 जुलाई को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। शिव महापुराण कथा 25 जुलाई 2 अगस्त तक दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक आयोजित होगी। पार्थिव शिवलिंग पूजन प्रतिदिन 8 से सुबह 11 सुबह तक किया जाएगा।

लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि जो भी श्रद्धालु इस महायज्ञ में यजमान बनना चाहते हैं, वे मंदिर में संपर्क कर सकते हैं।


रेवाड़ी। बीएमजी सिटी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर।

**सूचना**

मैं, जयदेव पुत्र श्री राम कुमार निवासी खुशपुरा उपतहसील डहीना जिला रेवाडी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री दीपिका, निकिता व मेरा पुत्र निखिल कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर हैं तथा मेरे साथ ठीक व्यवहार नहीं करते हैं। मैं उपरोक्त तीनों को अपनी तमाम चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा इन तीनों के साथ किसी प्रकार का वास्ता नहीं रहेगा। भविष्य में यदि ये तीनों किसी से कोई लेन देन या व्यवहार करते हैं तो उसके लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

मैं, आरती उर्फ रिया पुत्री श्री राकेश कुमार निवासी गांव अहरी तह व जिला झज्जर हरियाणा बयान करती हूं कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 175409605 में मेरा नाम आरती उर्फ रिया है तथा बैंक अकाउंट में मेरा नाम आरती है। यह कि आरती उर्फ रिया उक्त दोनों नाम मुझ एक ही लड़की के हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पुकारा जाता है।

**खबर संक्षेप**



## ट्राली चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने ट्राली चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव मोधुपुर निवासी मोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई ट्राली को बरामद कर लिया है। गांव बधराना निवासी भूपेन्द्र सिंह के प्लाट से गत 25-26 जून की रात को कोई व्यक्ति ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करके ले गया था। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

## बस की टक्कर से बाइक चालक युवक की मौत

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-दिल्ली मार्ग पर एक प्राइवेट बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज की लिया है। मृतक युवक के पिता जगत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जून को सुबह उसका लड़का गौरव उर्फ अकिंत बाइक से धारूहेड़ा किसी काम से गया था। धारूहेड़ा से वापस आते समय जब वह से करीब 9 बजे सूरज स्कूल रसगण के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी गंभीर चोटें आई। घटना स्थल पर मौजूद नितिन कुमार उर्फ बॉबी निवासी जौनावास के अनुसार चालक बस को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची धारूहेड़ा थाना पुलिस ने घायल युवक को नागरिक अस्पताल रेवाड़ी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्चों को लुभाने के लिए दुकानों पर सजी कार्टून किरदारों की पतंगें

# हरियाली तीज पर बरेली के मांजे से उड़ान भरेंगी जयपुर की पतंगें, सज गया बाजार

- महिलाओं के लिए गांवों में पेड़ों पर डाले जा रहे झूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाली तीज आने में अभी एक माह का समय है। पर्व को लेकर शहर में पंतगों की दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं। इस बार 27 जुलाई को हरियाली तीज का त्योहार मनाया जाएगा। तीज के त्योहार पर प्रति वर्ष जिलेभर में जमकर पतंगबाजी होती है।

पतंगबाजी का शौक रखने वाले लोग तीज से पहले ही पतंग और मांझा खरीदने में जुट गए है। दुकानों पर युवाओं व बच्चों के लिए आकर्षक डिजाइनों में पतंगे उपलब्ध है।

इस बार पतंग व मांझे के दामों में 20 से 50 रुपये की तेजी भी आई है, लेकिन पंतगबाजी करने वाले युवाओं में महंगाई का कम असर देखने को मिल रहा है।

तीज के त्योहार को लेकर महिलाओं में भी काफी उत्साह रहता है। गांवों में पेड़ों पर झूले भी डलने शुरू हो गए है।

तीज से एक दिन पहले आने वाले सिंधारे पर रिश्तेदारों व नव विवाहिताओं के ससुराल में घेवर भेजने की प्रथा भी चली आ रही है, जिसको लेकर इन दिनों हलवाई भी घेवर बनाने में जुटे हुए हैं।

घेवर सावन की परंपरा का हिस्सा है। मिष्ठान भंडारों पर दूध के घेवर, रबड़ी घेवर, केसर घेवर व सादा घेवर तैयार किए जा रहे है।





रेवाड़ी। भाड़ावास गेट के पास दुकान पर सजी पतंगे तथा दुकान पर रखे हुए मांजे के चरखे। फोटो : हरिभूमि

### बरेली के मांझे में कई ब्रांड उपलब्ध

शहर में पत्थर घटी, भाड़ावास गेट के पास, गुर्जरवाड़ा व कुतुबपुर में पतंग व मांजे से दुकानें सज गई है। दुकानों पर युवाओं के लिए तिरंगा, गुड्डी, ढप्पल, पुच्छल, सरदारा, चांदतारा तथा नेताओं व अभिनेताओं के चित्र वाली पतंगे उपलब्ध हैं। बच्चों में ज्यादातर कार्टून की पतंगें पसंद की जाती हैं। बच्चों के लिए स्पाइडर मैन, छोटा भीम, मोटू-पतलू, डोरेमोन, चाचा-भतीजा, सुपरमैन व बैटमैन इत्यादि कार्टूनों की पतंगें सजाई गई हैं। पतंग के साथ मांझे के कई ब्रांड मौजूद है। मांझे में सम्राट, सलीम, सात केला, चौरासी सौ, वायज रजा खान, ब्लैक रेंजर व प्लेट मार्का ब्रांड उपलब्ध हैं।

### पॉलीथिन की पतंग व मांजे पर बैन

शहर में पतंग विक्रेताओं की ओर जयपुर से पतंगे व मांजा बरेली से मंगवाया जाता है। दुकानों पर 5 रुपये से लेकर 60 रुपये तक की पतंगे मिल रही है। मांजे का चरखा 200 से 3500 रुपए तक के उपलब्ध है, जिसमें दो से तीन हजार गज मांजा होता है। इसके अलावा पतंग के साथ रात को उड़ाए जाने वाले लाइटिंग पैराशूट भी मंगवाए गए है। बच्चों के हाथ न कटे इसके लिए दुकानों पर सफेद डोर भी उपलब्ध है। पॉलीथिन की पतंगे व प्लास्टिक के मांजे पर बैन है। क्योंकि प्लास्टिक का मांजा हर बार हादसों का कारण बनता है।



रेवाड़ी। दुकान पर रखी कार्टून की पतंगे। फोटो : हरिभूमि

### लाइटिंग पैराशूट की भी डिमांड



युवाओं व बच्चों की डिमांड के अनुसार पतंग व मांझा उपलब्ध है। अभी बिक्री कम है। जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आएगा, डिमांड भी बढ़ने लगेगी। बरेली की डोर की युवाओं में काफी डिमांड है। इस बार पतंग व मांझा गत वर्ष की अपेक्षा कुछ महंगा हो गया है। रात में पंतग उड़ाने के लिए लाइटिंग पैराशूट की भी डिमांड काफी बढ़ने लगी है।

- **दीपक**, संचालक, मंगलराम पतंग साज।

## ट्रॉला किराए पर देने के नाम पर एक लाख की ठगी

### एसपी के आदेश पर दर्ज किया गया केस

- पुलिस आरोपी का पता लगाने के प्रयास कर रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

ट्रॉला किराए पर उपलब्ध कराने के नाम पर एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रतिनिधि ने एक व्यक्ति को एक लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने की बजाय उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। आखिर एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस आरोपी का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

एसपी को दर्ज शिकायत में गढ़ी बोलनी रोड निवासी संजय कुमार यादव ने बताया कि उसने ट्रॉला किराए पर लेने के लिए दिशा लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रतिनिधि अनिल शर्मा से संपर्क किया था। अनिल शर्मा ने उससे दो बार में एक लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए, परंतु उसे ट्रॉला उपलब्ध नहीं कराया गया। कई बार संपर्क करने के बाद भी उसे न तो पैसा वापस दिया गया और न ही ट्रॉला उपलब्ध कराया गया। उसके साथ एक लाख रुपये का साइबर फ्रॉड हो गया। इसकी शिकायत लेकर वह थाना मॉडल टाउन पुलिस के पास गया था। वहां जांच अधिकारी ने उसकी शिकायत लेकर ठंडे बस्ते में डाल दी। वह बार-बार थाने के चक्कर लगाता रहा, परंतु जांच अधिकारी ने एफआईआर दर्ज नहीं की। एसपी ने उसकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए, तो थाना मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## घर बैठे पैसा कमाने के लालच में गंवाए 1.45 लाख रुपये

**रेवाड़ी।** पुलिस जागरूकता के तमाम प्रयास साइबर ठगों के सामने फेल साबित हो जाते हैं। लोग घर बैठे पैसा कमाने के लालच में लगातार साइबर ठगी का शिकायत हो रहे हैं। कंपनी बाग में रहने वाला एक व्यक्ति पैसा कमाने के लालच में लगभग 1.45 लाख रुपये की ठगी का शिकार हो गया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। यूपी के प्रेमराजपुर निवासी विपिन ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह कंपनी बाग में रह रहा है। वह एक इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत है। उसके मोबाइल फोन पर 27 जून को एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसे घर बैठे पैसा कमाने के बारे में बताया गया। उसे पैसा कमाने के लिए रेटिंग करने को कहा गया। पहले उससे 10 हजार रुपये एक खाते में डलवाए गए। उसके बाद एक और खाता नंबर देते हुए उसे 42776 रुपये डालने को कहा गया। वह लालच में आकर रकम बताए गए खाता नंबरों पर डालता रहा। उसे बताया गया कि उसका गोल्डन पैकेज निकला है, जिसमें उसे अच्छा मुनाफा मिलेगा। इसके लिए उसे 42841 रुपये और डालने होंगे। उसने यह रकम भी बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर कर दी। जब उसने पैसे वापस निकलने का प्रयास किया, तो उसका खाता ब्लॉक कर दिया गया। लिंक भी डिलीट हो गया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है।

# नशे की बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन की आवश्यकता: रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिले को नशा मुक्त करने के लिए जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। मंगलवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव नैचाना, कालड़ावास व बालावास जाट का दौरा करके लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई के विरुद्ध सामाजिक आंदोलन चलाने की आवश्यकता है। इसलिए समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना मिलती है या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग या नशे की सप्लाई करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करें।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम।

# आईजीयू में अब नौ विषयों में दाखिले के लिए आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा

यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. विपुल यादव के द्वारा उपलब्ध कराई गई

- विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में प्रवेश के लिए प्रक्रिया में बदलाव करने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विभिन्न विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों में संचालित विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में प्रवेश के लिए प्रक्रिया में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। नए निर्णय के अनुसार अब एमबीए, एलएलबी, मास्टर ऑफ सोशल वर्क यानि एमएसडब्ल्यू, एमएससी बायोटेक, जूलॉजी, बॉटनी, केमिस्ट्री, गणित और ज्योग्राफी में ही प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

अन्य सभी विषयों में प्रवेश एकेडमिक मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विपुल यादव ने बताया कि एलएलबी की प्रवेश परीक्षा 3 जुलाई को सुबह 10 से 11:30 बजे तक राव तुलाराम भवन में आयोजित की जाएगी। एमबीए की प्रवेश परीक्षा 3 जुलाई को ही दोपहर 11:45 से 1:15 तक राव तुलाराम भवन में होगी। एमएससी गणित की प्रवेश परीक्षा 4 जुलाई को सुबह 10 से 11:30 बजे तक विवेकानंद ब्लॉक में आयोजित की जाएगी।


मास्टर ऑफ सोशल वर्क विषय की प्रवेश परीक्षा 4 जुलाई को दोपहर 1:30 से 3 बजे तक राव तुलाराम भवन, एमएससी बॉटनी, जूलॉजी एवं बायोटेक की प्रवेश परीक्षा 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक सरदार पटेल भवन, एमएससी केमिस्ट्री के प्रवेश परीक्षा 7 जुलाई को ही 1:30 से 3 तक सरदार पटेल भवन तथा एमएससी ज्योग्राफी की प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई को सुबह 11:45 से 1:15 तक विवेकानंद भवन में आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विपुल यादव के द्वारा उपलब्ध कराई गई। प्रवेश परीक्षा के लिए रोल नंबर के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकते हैं।

## महंगा पड़ा फोन पर आए लिंक को क्लिक करना श्रमिक के खातों से उड़ाए 1.70 लाख रुपये

**रेवाड़ी।** खोरी में रेलवे की साइट पर मजदूरी करने वाले एक युवक को फोन आए लिंक को क्लिक करना महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने उसके दो बैंक खातों से 1.70 हजार रुपये उड़ा दिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। यूपी के शाहपुर निवासी पंकज कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह रेलवे की खोरी में साइट पर श्रमिक का कार्य करता है। गत 29 जून को उसके मोबाइल फोन पर एक लिंक आया था। उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसका मोबाइल फोन हैंड हो गया। जब उसने फोन को रिस्टार्ट किया, तो उसके फोन-पे के जरिए एक बैंक खाते से 1 लाख व दूसरे से 70 हजार रुपये कटे मिले। यह राशि दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई है। उसके फोन से लिंक आने वाला नंबर भी डिलीट हो गया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# ट्रेडिंग में पैसे लगाने के नाम पर ठगी के मामले में एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने मूल रूप से हिसार निवासी एक युवती से ट्रेडिंग में पैसे लगाने के नाम पर ठगी करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला हिसार के गांव चौधरी वास निवासी निर्मल उर्फ जग्गा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मूल रूप से हिसार एवं हाल आबाद शहर के मॉडल टाउन निवासी रितु ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर ट्रेडिंग की एवडरटाइजिंग देखकर आईडी पर मैसेज किया था। इसके बाद शातिर ने कहा कि ट्रेडिंग में 1 हजार रुपए लगाने पर 30 हजार रुपए का प्रॉफिट मिलेगा और इसके बाद उसने एक क्यूआर कोड शेयर किया था। इसके बाद पीड़िता ने उस क्यूआर कोड पर 1 हजार रुपए भेज दिया और इस प्रकार शातिर ने पीड़िता से कुल 73 हजार 500 रुपए जमा करा लिए। बाद में पैसे देने से इंकार कर दिया तथा शिकायत करने पर जान से मरने की धमकी दी।



## रेलसेवा के संचालन समय में परिवर्तन

**रेवाड़ी।** पश्चिम रेलवे की ओर से समयपालनता में सुधार करने के लिए बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय सुपरफास्ट रेलसेवा के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 22949 बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय सुपरफास्ट रेलसेवा 16 जुलाई से बान्द्रा टर्मिनस से दोपहर 12:15 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय दोपहर 2:40 बजे रवाना होकर अपने निर्धारित समय से दिल्ली सराय स्टेशन पहुंचेगी। इस रेलसेवा के मार्ग में बान्द्रा टर्मिनस, बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, अहमदाबाद, साबरमती, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाडा, फालना, रानी, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन रहेगा तथा रेवाड़ी रेलवे स्टेशन से दिल्ली सराय स्टेशन तक समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

## सेल्समैन से हथियार के बल पर नकदी लूटने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार



**कुंड।** खोल थाना पुलिस ने गांव बासदुद्धा में शराब के ठेके पर सेल्समैन को हथियार दिखाकर नकदी लूटने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव मांढण हाल किरायेदार गांव हुडिया निवासी अश्वनी के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव मनेठी निवासी विजय सिंह ने गांव बासदुद्धा में शराब के ठेके की ब्रांच ले रखी है, जिस पर उसने यूपी के जिला कन्नौज के गांव कुंवरपुर निवासी अनुराग उर्फ अखलेश को बतौर सेल्समैन लगा रखा है। गत 30 जनवरी को उसके सेल्समैन ने फोन पर बताया की बिना नंबर की बाइक पर दो नौजवान लड़के अपने मुंह पर कपडा बांधकर ठेके पर आए थे और उसे पिस्टल नुमा हथियार दिखाकर ठेके से 8 हजार रुपये की नकदी लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव गिग्लाना रोहित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी रोहित से लुटी हुई नकदी, वारदात में प्रयोग की गई बाइक व एक अवैध देशी पिस्टल बरामद किया था। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी अश्वनी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।

## फाटक नहीं खोलने पर रेलवे के गेटमैन से मारपीट का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने फाटक नहीं खोलने पर रेलवे के एक गेटमैन के साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जीआरपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। जीआरपी को दर्ज शिकायत में भिवानी के मानहेरू निवासी दलबीर ने बताया कि वह रेल विभाग में गेटमैन के पद पर कार्यरत है। उसकी ड्यूटी कांटेवाला रेलवे गेट पर थी। दोपहर के समय उसे फोन पर आदेश मिला कि भिवानी से दादरी की ओर जाने वाली ट्रेन निकलने वाली है, इसलिए गेट बंद किया जाए। उसने आदेश मिलते ही गेट बंद कर दिया। इसी दौरान गेट पर एक कार आकर रुकी। कार से चालक अपने साथ बैठे व्यक्ति को लेकर गुमटी में आया। उन्होंने उसे गेट खोलने को कहा। मना करने पर दोनों ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। उसने स्टेशन मास्टर को सूचना देने के लिए सरकारी फोन उठाया, तो दोनों ने फोन हाथ से छीनकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। दोनों उसे कहा कि वह इस गेट से अक्सर गुजरते हैं। उनके आते ही गेट नहीं खोला, तो उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा।

**चुनाव** कॉलेजियम सदस्यों के 45 वार्डों के लिए 62 आवेदन प्राप्त हुए थे

# चालीस वार्डों में निर्विरोध चुने गए सैनी सभा के कॉलेजियम सदस्य, पांच वार्डों में होगा मुकाबला

- 29 जून को जांच के उपरांत सभी आवेदन सही पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सैनी सभा के कॉलेजियम सदस्यों की चुनावी प्रक्रिया में 45 वार्डों में से 40 वार्डों में एक-एक आवेदन शेष रहने पर सभी 40 कॉलेजिम सदस्य निर्विरोध चुन लिए गए हैं, जबकि पांच वार्डों में चुनाव कराए जाएंगे। सैनी सभा के चुनाव अधिकारी ने बताया कि 27 व 28 जून को कॉलेजियम सदस्यों के 45 वार्डों के लिए 62 आवेदन प्राप्त हुए थे। 29 जून को जांच के उपरांत सभी आवेदन सही पाए गए।

सोमवार को नाम वापसी पर 11 अवोदकों ने नामांकन वापस लिए, जिसके बाद सभी 40 सदस्य निर्विरोध कॉलेजियम सदस्य चुने गए, जबकि पांच वार्डों में एक से अधिक आवेदन होने के कारण चुनाव कराया जाएगा, जिसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी।



रेवाड़ी। सैनी सभा के निर्विरोध चुने गए कॉलेजियम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### निर्विरोध चुने गए सदस्य

निर्विरोध चुने गए कॉलेजियम सदस्यों में वार्ड संख्या एक से पंच अनिल सैनी, वार्ड दो से अजीत सैनी, वार्ड तीन से भगवानदास, वार्ड चार से दलीप सैनी, वार्ड पांच से सतीश सैनी, वार्ड छह से परमानंद सैनी, वार्ड सात से प्रताप सिंह सैनी, वार्ड आठ से भूपेंद्र, वार्ड नौ से धर्मेंद्र सैनी, वार्ड 10 से राजकुमार सैनी, वार्ड 11 से वेदप्रकाश सैनी, वार्ड 12 से रोशनलाल सैनी, वार्ड 13 से अशोक सैनी, वार्ड 14 से अजीत सिंह सैनी, वार्ड 15 से राम सिंह सैनी, वार्ड 17 से सर्वेश कुमार, वार्ड 18 से रविकांत सैनी, वार्ड 19 से भूपेश सैनी, वार्ड 20 से राजेश कुमार, वार्ड 21 से नविंद्र सैनी, वार्ड 22 से ओमप्रकाश सैनी, वार्ड 23 से सुभाष सैनी, वार्ड 24 से ललित सैनी, वार्ड 25 से चेतराम सैनी, वार्ड 26 से जगदीश सैनी, वार्ड 27 से हरिसिंह, वार्ड 28 से हरिराम सैनी, वार्ड 29 से ओमप्रकाश सैनी, वार्ड 30 से सुंदरलाल, वार्ड 31 से मनोज सैनी, वार्ड 32 से लक्ष्मण दास, वार्ड 33 से सतीश सैनी, वार्ड 34 से सौरभ सैनी, वार्ड 35 से शशिभूषण सैनी, वार्ड 36 से ओमप्रकाश, वार्ड 37 से मनीष सैनी, वार्ड 39 से उमेश सैनी, वार्ड 40 से मोहित सैनी, वार्ड 41 से लोकेश कुमार तथा वार्ड 42 से लक्ष्मीनारायण के नाम शामिल हैं।

इसके अलावा वार्ड संख्या वार्ड संख्या 16 में धर्मेंद्र कुमार व मनमोहन सैनी, वार्ड 38 में रविकांत सैनी व हरिशचंद, वार्ड 43 में कैलाश सैनी व सचिन, वार्ड 44 में कैलाश चंद्र सैनी, मोनू सैनी व रतनलाल तथा वार्ड संख्या 45 में गिरधारी लाल तथा मनोज कुमार के बीच चुनावी मुकाबला होगा।